प्रादेशिक समाचार

दिनांक–12.03.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रांची–वाराणसी वन्दे भारत समेत देश को दस नई वन्दे भारत ट्रेनों की दी सौगात, विभिन्न स्टेशनों पर 1 हजार 5 सौ वन स्टेशन वन प्रोडक्ट काउंटर भी राष्ट्र को किया समर्पित।
2. रांची–वाराणसी वन्दे भारत के रूप में झारखंड को वन्दे भारत ट्रेन का तीसरा तोहफा मिला, राज्यपाल ने रांची से किया रवाना, केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री की मौजूदगी में कोडरमा में भी वन स्टेशन वन प्रोडक्ट काउंटर का हुआ लोकार्पण।
3. राज्यसभा चुनाव के सिलसिले में आज होगी नामांकन पत्रों की जांच, एनडीए के डॉक्टर प्रदीप वर्मा और इंडी गठबंधन से डॉक्टर सरफराज अहमद का निर्विरोध चुना जाना तय।

   और

4. प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद और उनके रिश्तेदारों के ठिकानों पर दी दबिश , कोयला कारोबारी राजेंद्र साहू के घर में भी ईडी की छापेमारी।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अहमदाबाद से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रांची–वाराणसी वन्दे भारत समेत देश को दस नई वन्दे भारत ट्रेनों की सौगात दी। उन्होने विभिन्न स्टेशनों पर वन स्टेशन वन प्रोडक्ट काउंटर भी राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने साबरमती में महात्मा गांधी आश्रम में पुनर्विकसित कोचरब आश्रम और गांधी आश्रम स्मारक के मास्टर प्लान का भी शुभारंभ किया।

*********************

रांची–पटना और रांची–हावड़ा के बाद रांची–वाराणसी वन्दे भारत की भी आज से शुरुआत हो गयी हालांकि इसका नियमित परिचालन 18 मार्च से होगा। झारखंड को यह वन्दे भारत ट्रेन का तीसरा तोहफा रहा। रांची स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम मे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने वाराणसी के लिए वन्दे भारत को रवाना किया। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि गत दस वर्षो मे देश मे रेल सुविधाओं का विस्तार पहले से कई गुना ज्यादा हुआ है। कार्यक्रम मे मौजूद सांसद संजय सेठ ने कहा कि देश के बहुत कम ऐसे राज्यों मे झारखण्ड है, जिसे तीन–तीन वन्दे भारत ट्रेन मिली है।

*********************

केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को आगे बढ़ाकर शिक्षक विकसित भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकतें हैं। गिरिडीह में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भवन निर्माण की आधारशिला रखते हुए उन्होंने कहा कि 17 वी लोकसभा में बहुत सारे ऐतिहासिक फैसले लिए गए हैं जिसकी साक्षी वह भी बनी हैं। केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए संजीदा प्रयास कर रहे हैं।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कोडरमा के लोगो को दो बड़ी सौगात दी है। रांची वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस का कोडरमा में ठहराव सुनिश्चित हुआ है वहीं वन स्टेशन वन प्रोडक्ट काउंटर का भी प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद से वर्चुअल तरीके से अनावरण किया। इस मौके पर कोडरमा स्टेशन पर भी कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, डीआरएम कमल किशोर सिन्हा समेत रेलवे के वरीय अधिकारी मौजूद रहे।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अहमदाबाद से कई रेलवे परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस क्रम में उन्होने 15 सौ से अधिक वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल भी राष्ट्र को समर्पित किया जिसमें रामगढ़ जिले का बरकाकाना और रांची रोड स्टेशन भी शामिल रहा। इस दौरान उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के लाइव कार्यक्रम को भी देखा। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में गोमिया विधायक लंबोदर महतो और रेलवे वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

*********************

झारखंड में दो सीटों के लिए हो रहे राज्यसभा चुनाव के सिलसिले में आज नामांकन पत्रों की जांच होगी। प्रत्याशी 14 मार्च तक नाम वापस ले सकतें हैं। झारखण्ड की दो सीटों के लिए कल नामांकन के आखिरी दिन एनडीए की ओर से डॉक्टर प्रदीप वर्मा और इंडी गठबंधन की ओर से सरफराज अहमद ने नामांकन दाखिल किया था ऐसे में दोनों का निर्विरोध चुनाव जाना तय है।

*********************

पाकुड़ जिले में महिलाओं और पुरूषों को राज्य सरकार द्वारा सर्वजन पेंशन योजना का लाभ दिया जा रहा है।

*********************

बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद और उनके रिश्तेदारों के ठिकाने पर प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने दबिश दी है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने हुडहुडु स्थित विधायक अंबा प्रसाद के घर आज सुबह 6रू00 बजे से छापेमारी शुरू की है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम में 10 से 12 सदस्य शामिल हैं। बताया जा रहा है कि अंबा प्रसाद के आधे दर्जन से अधिक सगे संबंधियों के घर पर भी ईडी ने ताबिश दी है । इस दौरान आवासों और ठिकानों को सुरक्षा घेरे में लेकर कागजातों को खंगाला जा रहा है। खजांची तालाब स्थित जाने–माने कोयला कारोबारी राजेंद्र साहू के घर में भी ईडी की छापेमारी हुई है ।

*********************

जमशेदपुर के मानगो आजाद नगर थाना क्षेत्र में 9 मार्च को गोलीबारी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी मुकेश लुणायत ने प्रेस वार्ता आयोजित कर खुलासा करते हुए बताया की आपसी विवाद में यह गोलीबारी हुई थी जिसमें एक शख्स गंभीर रूप से घायल हो गया था जो फिलहाल टीएमएच में इलाजरत है। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

*********************

चतरा जिले के अंतर्गत दो विधानसभा सीटों चतरा और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के 226 मतदान केंद्रों के नाम में परिवर्तन किया गया है। यह परिवर्तन विद्यालयों के नाम में परिवर्तन के कारण हुआ है। नाम परिवर्तित किए गए मतदान केंद्रों में चतरा विधानसभा क्षेत्र के 110 एवं सिमरिया विधानसभा के 116 मतदान केंद्र शामिल हैं।

*********************

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो ऑफ़ इंडिया–पूर्वी क्षेत्र के डिप्टी डायरेक्टर जेनरल हितेश गोदारा ने मुलाकात की। उन्होंने मादक पदार्थ के अवैध कारोबार तथा अफीम की खेती को नष्ट करने के लिए की जा रही कार्रवाई से संबंधित जानकारी मुख्यमंत्री को दी । उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि इस दिशा में राज्य सरकार की ओर से पूरा सहयोग मिल रहा है। हमारा प्रयास मादक पदार्थों की तस्करी, और कारोबार को रोकने के साथ अफीम आदि के उत्पादन को हर हाल में नष्ट करना है।

*********************

धनबाद औषधि विभाग ने पुलिस टीम के साथ छापामारी अभियान चलाकर लाखों रुपए के अवैध कफ सिरप को जब्त किया है। ये अवैध कफ सिरप बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के भेलाटांड़ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के समीप एक गोदाम में रखे हुए थे। गोदाम मालिक हालांकि ताला बंद कर मौके से फरार हो गया। यह कार्रवाई पिछले दिनों गुजरात पुलिस के शिनाख्त पर एक ट्रक और उसके चालक के पकड़े जाने के बाद उनकी निशानदेही पर हुई।

*********************

रमज़ान का पवित्र महिना शुरू हो गया। इस पाक महीने में मुस्लिम धर्मावलम्बी दिनभर रोज़े रहते हैं और सूर्यास्त के बाद रोज़ा खोलते हैं। रांची के शहर काज़ी कारी जान मोहम्मद रिजवी और इस्लामी मामलों के जानकार मौलाना सईद असदकी ने बताया कि रमज़ान के रोज़े इस्लाम के पाँच स्तम्भों में से एक हैं।

*********************

खूंटी में आयोजित दो दिवसीय ओपन शूटिंग रेंज प्रतियोगिता में चतरा जिले के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन किया है। 10 मीटर महिला राइफल निशानेबाजी में आयुषी कुमारी ने डबल सिल्वर और 10 मीटर राइफल पुरुष प्रतियोगिता में पुष्कर कुमार ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में चतरा के निशानेबाज सौरभ, उजाला कुमार और सचिन कुमार ने भी मेडल जीता। खूंटी शूटिंग रेंज में अयोजित इस प्रतियोगिता में राज्यभर के 80 निशानेबाज़ों ने हिस्सा लिया जिसमें चतरा के भी 5 खिलाड़ी शामिल थे।

*********************

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से रांची में ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि राजधानी रांची के खेलगांव में 5 जून से 10 जून तक अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स सेमिनार कोर्स का आयोजन होना है। भारत को इसकी पहली बार इस आयोजन की मेजबानी मिली है।